दिन–शुक्रवार दिनांक– 24 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूर्व मुख्यमंत्री और भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर को आज उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा– सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान को भुलाया नही जा सकता।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में आयोजित समारोह में किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे।

04. और, पूर्व विधायक अनंत सिंह को मोकामा स्थित नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में जेल भेजा गया।

———————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर को आज उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मौके पर कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे बिहार सामाजिक जागरूकता के नये युग में प्रवेश कर गया।

–––बाईट–––

उपराष्ट्रपति ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में कई क्रांतिकारी कदम उठाये थे, जिनमें आरक्षण लागू करना, मातृभाषा में शिक्षा और अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देना शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने कर्पूरी ठाकुर को स्वच्छ और सरल राजनीति के प्रचारक के रूप में श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्हें जन नायक के रूप में याद किया जाता है। श्री धनखड़ ने कहा कि सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

–––बाईट–––

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन गरीबों और आम लोगों के लिए समर्पित था।

———बाईट———

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने समारोह को संबोधित करते कहा कि सामाजिक समानता के लिए कर्पूरी ठाकुर के योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि उनका जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इधर, पटना स्थित विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य गणमान्य लोगों ने भी कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य लोगों ने जननायक को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्री कुमार ने समस्तीपुर स्थित कर्पूरी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धसुमन अर्पित किए।

————————————————————————

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती पर भाजपा की ओर से भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और अन्य कार्यकर्ताओं ने जननायक के योगदान को याद किया।

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। श्री मोदी भागलपुर में आयोजित समारोह में किसान समान निधि का वितरण करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना में बताया कि प्रधानमंत्री किसानों को सम्मानित भी करेंगे।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जो अफवाहें फैलाई गई, वह गलत साबित हुई। आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा में उपद्रव फैलाने वाले तेरह अभ्यर्थियों को आयोग की आगामी परीक्षाओं से तीन से पांच साल के प्रतिघात किया गया है। श्री सिंह ने उम्मीदवारों से परीक्षा से संबंधित किसी भी सूचना के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने का आग्रह किया।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चौनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चौनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

————————————————————————

राज्य में उत्तर–पछुआ हवा के चलने से ठंड में बढ़ोतरी जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सहरसा के अगवानपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पन्द्रह से अधिक जिलों में न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान

केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

———बाईट———

————————————————————————————

अब खबरें महाकुंभ से—

——म्यूजिक——

श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने चिकित्सा सेवा के लिए भी व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रयागराज मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा के किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भी रेलवे पूरी तरह तैयार है।

———बाईट———

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि महाकुंभ 2025 के दौरान 29 तारीख को आने वाले मौनी अमावस्या पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए मेडिकल टीम और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह से सक्रिय रहेंगे उन्होंने बताया कि प्रयागराज जंक्शन और आठ अन्य रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ से लेस कुल 34 मेडिकल बूथ संचालित है। बाइट—शशिकांत त्रिपाठी, उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी आपात चिकित्सा की स्थिति से निपटने के लिए प्रयागराज जंक्शन, नैनी, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन सहित पांच स्टेशनों पर ऑब्जरवेशन रूम बनाए गए हैं बाइट—शशिकांत त्रिपाठी, इन व्यवस्थाओं के अलावा रेलवे परिसर में एंबुलेंस भी तैनात किए गए हैं। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज

————————————————————————————

पटना के मोकामा स्थित पंचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह को बेउर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। पूर्व विधायक के बाढ़ कोर्ट में आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने उन्हें चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेज दिया है। इधर, पुलिस ने गोलीबारी मामले में जलालपुर निवासी कुख्यात सोनू और डुमरा निवासी रौशनी सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

————————————————————————————

राजक के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में कानून–व्यवस्था की स्थिति बद्तर हो गई है। केन्द्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने तेजस्वी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें लालू प्रसाद के शासनकाल के जंगलराज को नहीं भूलना चाहिए।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

.

01. पूर्व मुख्यमंत्री और भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर को आज उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा– सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान को भुलाया नही जा सकता।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में आयोजित समारोह में किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे।

04. और, पूर्व विधायक अनंत सिंह को मोकामा स्थित नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में जेल भेजा गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

समाप्त